मुख्यमंत्री ने बॉल कार्पोरेशन की बेवरेज कैन इकाई का वर्चुअल भूमि पूजन किया, सैकड़ों युवाओं को मिलेगा रोजगार

ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा मेरठः योगी

निवेश

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मेरठ के इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर में वैश्विक कंपनी बॉल कार्पोरेशन की नई उत्पादन इकाई का वर्चुअल शिलान्यास किया। कंपनी यहां 2900 से अधिक के निवेश से कैन बेवरेज का निर्माण करेगी। इसके निर्माण से सैकड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध होंगे।

भूमिपूजन अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्लांट 'आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' और 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रदेश में आ रहे निवेश का उल्लेख करते हुए कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले सीएनएच इंडस्ट्रियल के ₹1,200 करोड़ से अधिक के नए प्लांट का भूमिपूजन हुआ, दो दिन पूर्व ताइवान की क्रिएटिव सेंसर के साथ ₹1,100 करोड़ से अधिक के निवेश पर सार्थक संवाद हुआ और आज मेरठ में बॉल कॉर्पोरेशन का शिलान्यास हो रहा है, जो उत्तर प्रदेश के प्रति बढ़ते वैश्विक विश्वास का जीवंत प्रमाण है।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मेरठ में बॉल कार्पोरेशन की नई उत्पादन इकाई का वर्चुअल शिलान्यास किया।

12 सौ करोड़ रुपये से अधिक के कुछ ही दिन पहले सीएनएच इंडस्ट्रियल के नए प्लांट का भूमिपूजन हुआ

11 सौ करोड़ रुपये से अधिक के निवेश पर दो दिन पूर्व ताइवान की क्रिएटिव सेंसर के साथ सार्थक संवाद हुआ

मेरठ के औद्योगिक कायाकल्प पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिए एक 'एंकर यूनिट' के रूप में कार्य करेगी, जिससे हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही स्थानीय एमएसएमई, पैकेजिंग सप्लायर्स, लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट और रीसाइक्लिंग पार्टनर्स के लिए भी व्यापार के नए द्वार खुलेंगे। मेरठ अब स्पोर्ट्स व पारंपरिक उद्योगों के साथ-साथ मेरठ एडवांस्ड ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग का भी प्रमुख केंद्र बन रहा है। उन्होंने बॉल कार्पोरेशन द्वारा मेरठ में यूनिट लगाने के फैसले को दूरदर्शी बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में सॉफ्ट ड्रिंक्स, जूस, एनर्जी ड्रिंक्स और रेडी-टू-ड्रिंक बेवरेज का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। मेरठ की यह उत्पादन इकाई ग्राहकों और फिलिंग सुविधाओं के निकट रहकर पूरे भारत व वैश्विक बाजार में अपने बिजनेस को तेजी से विस्तार देगी। साथ ही यीडा क्षेत्र में सिंगापुर, जापान और ताइवान सिटी के माध्यम से वैश्विक कंपनियों, उनकी आधुनिक तकनीक और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को प्रदेश में आमंत्रित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री को वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का न्योता मिला

लखनऊ। गुजरात और उत्तर प्रदेश के बीच साझेदारी को और गहरा करने की दिशा में, गुजरात सरकार के एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल की ओर से उन्हें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2027 में भाग लेने का आमंत्रण सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गुजरात के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री रमणभाई सोलंकी ने किया। इसमें सचिव आलोक कुमार पांडेय, आईएएस, एमएसएमई आयुक्त क्षिप्रा आग्रे, तथा गुजरात सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

समिट से पहले चल रहे संपर्क अभियान के तहत, प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा से भी मुलाकात की। दोनों पक्षों ने कई प्रमुख क्षेत्रों में विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान किया। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भी मुलाकात की। उन्हें भी वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2027 में भाग लेने और स्वास्थ्य क्षेत्र तथा फार्मा निर्यात पर केंद्रित प्रमुख सेमिनारों में योगदान देने के लिए आमंत्रित किया गया। बातचीत में नवीकरणीय ऊर्जा, भूमि सुधार और शासन से जुड़ी अन्य प्रमुख पहलों पर भी चर्चा हुई।